भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 625
जिसका उत्तर 28.11.2024 को दिया जाना है

अमृतसर में सड़क अवसंरचना का विकास

625. श्री गुरजीत सिंह औजला:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्या यह सच है कि अमृतसर में आने वाले पर्यटकों की भारी संख्या को ध्यान में रखते हुए विश्व स्तरीय राजमार्गों और सड़क अवसंरचना की आवश्यकता है, यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और
(ख) क्या सरकार अमृतसर में अटारी-वाघा सीमा, स्वर्ण मंदिर और राम तीर्थ मंदिर, शीतला माता मंदिर, जलियां वाला बाग जैसे विभिन्न पर्यटन स्थलों के मद्देनजर कनेक्टिविटी और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अमृतसर के राजमार्ग अवसंरचना को विकसित करने के लिए वाराणसी की तरह ही विशेष अनुदान जारी करने पर विचार करेगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) केंद्र सरकार देश में राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के विकास और रखरखाव के लिए जिम्मेदार है। राष्ट्रीय राजमार्गों के अलावा अन्य सड़कों की जिम्मेदारी राज्य सरकार और अन्य स्थानीय प्राधिकरणों की है।

यह ध्यान में रखते हुए कि अमृतसर विरासत, संस्कृति और सामाजिक-धार्मिक महत्व के मामले में देश के सबसे प्रमुख शहरों में से एक है, केंद्र सरकार ने यात्रा के अनुभव को बढ़ाने और सड़क मार्ग से अमृतसर की यात्रा करने वाले पर्यटकों की सुविधा में सुधार करने के लिए कई उपाय किए हैं।

अमृतसर और इसके आसपास एनएचएआई द्वारा शुरू की गई और कार्यान्वित की जा रही कुछ महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजनाएं हैं - अमृतसर से संपर्कता के लिए स्पर सहित दिल्ली-अमृतसर -कटरा एक्सप्रेसवे, अमृतसर बाईपास (अटारी - वाघा सीमा तक आगंतुकों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के लिए), अमृतसर- रामदास कॉरिडोर (करतारपुर साहिब आने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिए), अमृतसर- ऊना कॉरिडोर (अमृतसर को आनंदपुर साहिब से जोड़ता है) और ब्यास-बटाला - डेरा बाबा नानक कॉरिडोर (ब्यास को करतारपुर साहिब कॉरिडोर से जोड़ता है)।

****